सरकारी नौकरी के लिए विधवाओं और तलाक शुदा महिलाओं के लिए आयु सीमा

2091. **कुमारी सईदा खातून :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तलाकशुदा महिलाओं और विधवाओं हेतु सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिये आयु सीमा 30 वर्ष है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस आयु सीमा को बढ़ाने का विचार रखती है;

(ग) सरकार उनके परिवारों के पालन पोषण हेतु उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है; और

(घ) सरकार 30 वर्ष से अधिक आयु वाली ऐसी महिलाओं के लिए जो योजनाएं कार्यान्वित कर रही हैं उनका ब्यौरा क्या है ?

युवा कार्यक्रम और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) वेतन आयोग ने आयु सीमा में छूट देने की सिफारिश की है ।

(ग) और (घ) तलाकशुदा महिलाओं और विधवाओं के परिवारों के पालन-पोषण के लिए सरकार की कोई विशेष योजना नहीं है । फिर भी वे महिलाएं केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रमों, संकटग्रस्त महिलाओं के पुनर्वासन हेतु प्रशिक्षण केन्द्रों/संस्थाओं की स्थापना, रोजगार/शिशु गृहों के लिए महिलाओं के प्रशिक्षण की परियोजनाओं जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत सहायता पाने की पात्र हैं ।

Recognition to the Employees Association of Nehru Memorial Museum and Library

2092. SHRI SUKOMAL SEN.- Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state.

(a) whether it is a fact that the Nehru Memorial Museum and Library Employees' Association has applied to the authorities for its recognition;

(b) if so, whether recognition has since been accorded; and

'(c) if not, the reasotis therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION AND CULTURE (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) No, Sir, as the rules relating to recognition of employees' associations have not yet been finalised.

जमालपुर रेलवे वर्कशाप

2093. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डीजल और विद्युत इंजिनों की मरम्मत और सवारी डिब्बे/माल डिब्बे बनाने का काम जमालपुर स्थित रेलवे वर्कशाप को नहीं दिया गया है; और

(ख) क्या विशेष, प्रथम श्रेणी और तृतीय श्रेणी के शिश प्रशिक्षण के लिए सीटों और जमालपुर वर्कशाप में इनका प्रशिक्षण पूरा हो जाने पर उनके पदों की संख्या में वृद्धि किए जाने की संभावना है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) रेलों की कुल आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर भारतीय रेलों के विभिन्न कारखानों को कार्य आबंटित किया जाता है । किसी कारखाना विशेष को उसकी अवस्थिति तथा उपलब्ध अवसंरचना सुविधाओं के आधार पर उपयुक्ततम कार्य आबंटित